
# NovoPen® 4

## आपका **नोवोपेन®** **4** एक नज़र में




### NovoPen® 4




### एक बार उपयोग की जाने वाली सुई





### पेनफ़िल® (पेन में डाली जाने वाली) कार्ट्रिज





# प्रयोग करने के लिए शीघ्र **चरण-दर-चरण** जानकारी देने वाली मार्गदर्शिका

## पेनफ़िल® कार्ट्रिज अंदर डालें और सुई लगाएँ


**चरण 1** पेन की कैप हटाएँ




**चरण 2** कार्ट्रिज होल्डर को घुमाएँ




**चरण 3** यदि पिस्टन रॉड बाहर निकली हुई है, तो इसे तब तक अंदर धकेलें जब तक कि यह रुक नहीं जाती



**चरण 4** कार्ट्रिज अंदर डालें, चूड़ीदार अंतिम छोर पहले डालें




**चरण 5** कार्ट्रिज होल्डर को तब तक घुमाएँ जब तक आपको क्लिक की आवाज़ न सुनाई दे जाए या महसूस न हो जाए



**चरण 6** एक नई सुई पर से पेपर टैब हटाएँ और सुई को सीधे पेन में दबा कर लगाएँ



**चरण 7** सुई की बाहरी और भीतरी कैप हटाएँ। सुई को सुरक्षित रूप से फेंकने के लिए बाहरी टोपी को रख लें



***अपने NovoPen® 4 का प्रयोग कैसे करें, इसके बारे में पूरी जानकारी के लिए, कृपया अपने पेन के साथ दिए गए प्रयोग के लिए निर्देश (Instructions for Use) पढ़ें। कृपया सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी के लिए इस निर्देश पत्र को पलटें और दी गई जानकारी को पढ़ें।***

novo nordisk®


## पेनफ़िल® कार्ट्रिज डालने के बाद हमेशा इंसुलिन के प्रवाह की जाँच कर लें

**चरण 1** पिस्टन रॉड हेड और पिस्टन के बीच किसी भी दूरी को दूर कर दें, और यदि हवा के कोई बुलबुले हों तो उन्हें भी निकाल दें।

**चरण 2** ख़ुराक बटन को बाहर निकालें और **2 यूनिटों** का चयन करें।

**चरण 3** ख़ुराक बटन को तब तक दबाएँ जब तक कि ख़ुराक काउंटर **'0'** न दिखाए।

***यदि इंसुलिन बिलकुल दिखाई नहीं देती है या कुछ खाली जगह (gap) है, तो चरण 1–3 को तब तक दोहराएँ जब तक कि पेन प्रयोग के लिए तैयार न हो जाए।***







***यदि आप इंसुलिन के प्रवाह की जाँच नहीं करते हैं तो हो सकता है कि आपको इंसुलिन की अपनी पूरी ख़ुराक ना मिल सके।***

## अपनी इंसुलिन इंजेक्ट करें

**चरण 1** ख़ुराक काउंटर **0** पर होने पर, ख़ुराक बटन को बाहर की ओर खींचें और उसे उन यूनिटों की संख्या चुनने के लिए घुमाएँ जितनी आप इंजेक्ट करना चाहते हैं।



**चरण 2** सुई त्वचा के अंदर डालें और ख़ुराक काउंटर पर **0** आने तक ख़ुराक बटन दबाएँ। सुई निकालने से पहले धीरे-धीरे **6** तक गिनें।





***सुई को सुरक्षित तरीके से निकालें और उचित प्रकार से फेंक दें तथा पेन की कैप को वापस लगा दें।***

## इंजेक्शन लगाने की जगहें


इंजेक्शन लगाने के लिए मुख्य जगहें जाँघ, पेट, नितंब या ऊपरी भुजाओं के पीछे हैं। अपने डॉक्टर या नर्स से पूछें कि आपके लिए कौन-सी जगह ठीक रहेगी।

अपनी इंजेक्शन लगाने के लिए बताई गई जगह पर निशान लगाएँ



आराम बढ़ाने के लिए, सुनिश्चित करें कि आप प्रत्येक इंजेक्शन को लगाने के लिए एक अलग जगह चुनें।

- इंजेक्शन लगाने की जगह को आधे या चौथाई भागों में बाँटें और प्रत्येक सप्ताह एक अलग आधी/चौथाई जगह का प्रयोग करें।
- प्रत्येक आधे या चौथाई भाग में, इंजेक्शन की जगह को पिछले इंजेक्शन बिंदु से लगभग एक उंगली की चौड़ाई के बराबर की दूरी पर घड़ी के चलने की दिशा में चुनें।



## अधिक जानकारी या सहायता के लिए

यदि आप पूछना चाहते है कि आप अपने पेन का उपयोग कैसे करें, या तकनीकी समस्याओं के बारे में आपके कोई प्रश्न है? तो नोवो नॉर्डिस्क मेडिकल इन्फ़ोर्मेशन पर कॉल करें – **1800 668 626**

NovoPen® 4


नोवो नॉर्डिस्क फ़ार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड। लेवल 10, 118 माउंट स्ट्रीट, नॉर्थ सिडनी NSW 2060.
ABN 40 002 879 996. नोवो नॉर्डिस्क® मेडिकल इन्फ़ोर्मेशन (ऑस्ट्रेलिया) 1800 668 626. www.novonordisk.com.au.


® नोवो नॉर्डिस्क A/S का पंजीकृत ट्रेडमार्क। NONOOY0148. AU24NP400014. अक्टूबर 2024.



MADE FROM RECYCLED MATERIALS
100% RECYCLABLE
NOVONORDISK.COM.AU/IMPACT
novo nordisk®